Ch-5

समकालीन दक्षिण एशिया

Page No.: PANKAJ
Date: 1/9/2022

(1.) क्या है दक्षिण एशिया? :—

⇒ प्रायः भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका व मालदीव को इंगित करता है 'दक्षिण एशिया' शब्द।

⇒ दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र उत्तर में विशाल हिमालय पर्वत श्रेणी, दक्षिण में हिन्द महासागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी एवं पश्चिम में अरब सागर के कारण एक विशिष्ट प्राकृतिक क्षेत्र के रूप में दिखाई देता है।

⇒ भू-राजनैतिक धरातल पर दक्षिण एशिया एक विशेष क्षेत्र है जो विविधताओं से भरा हुआ है।

⇒ दक्षिण एशिया के विभिन्न देशो में एक-सी राजनैतिक प्रणाली नहीं पायी जाती है।

⇒ भारत और श्रीलंका में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात से ही लोकतान्त्रिक व्यवस्था सफलतापूर्वक स्थापित है।

⇒ पाकिस्तान और बांग्लादेश में लोकतान्त्रिक और सैनिक दोनो प्रकार की शासन व्यवस्था रही है।

⇒ नेपाल में 2006 तक राजतंत्र था लेकिन 2008 में राजतंत्र को खत्म करके लोकतंत्र स्थापित किया गया।

⇒ भूटान 2008 में संवैधानिक राजतंत्र बन गया। लेकिन वहाँ अब बहुदलीय लोकतंत्र के रूप में उभर रहा है।

⇒ मालदीव 1968 तक सल्तनत हुआ करता था। 1968 में गणतंत्र बना और शासन की अध्यक्षात्मक प्रणाली अपनायी गई। 2005 में बहुदलीय प्रणाली अपनायी। 2018 में एमडीपी दल ने जीत हासिल की।

Date : / /

(2.) पाकिस्तान में सेना और लोकतंत्र :—

⇒ पाकिस्तान के पहले संविधान की बागडोर जनरल अयूब खान ने अपने हाथों में ले ली और जल्द ही अपना निर्वाचन करवा लिया।

⇒ 1960 में भारत-पाक सिंधु नदी जल समझौता।

⇒ 1965 में भारत-पाक युद्ध। (कश्मीर विवाद)

⇒ 1966 में ताशकन्द समझौता।

⇒ याहिया खान के सैनिक-शासन के दौरान पाकिस्तान को बांग्लादेश-संकट का सामना करना पड़ता है और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान टूटकर एक नया स्वतंत्र देश बना जो बांग्लादेश कहलाया।

⇒ 2008 से पाकिस्तान में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए नेता शासन कर रहे है।

⇒ पाकिस्तान में लोकतन्त्र के स्थायी रूप से स्थापित न होने के कारणों में सेना, धर्मगुरु एवं भू-स्वामी अभिजनों (उच्च वर्ग) का सामाजिक वर्चस्व अधिक होना है।

⇒ पाकिस्तान में अपेक्षाकृत स्वतंत्र और साहसी प्रेस मौजूद है और वहाँ मानवाधिकार आंदोलन भी काफी ~~मज~~ मजबूत है।

⇒ अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु दक्षिण एशिया में सैनिक शासन को बढ़ावा दिया।

⇒ इन देशो को उस आतंकवाद से डर लगता है जिसे ये देश 'विश्वव्यापी इस्लामी आतंकवाद' कहते है।

2/9/2022

PANKAJ

Page No.:

Date: / /

(3.) बांग्लादेश में लोकतंत्र :—

⇒ सन् 1947 से सन् 1971 तक बांग्लादेश, पाकिस्तान का अंग था।

⇒ पाकिस्तान के दबदबे और उर्दू भाषा लादने के कारण विरोध हुआ

⇒ पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व के खिलाफ जन-संघर्ष का नेतृत्व शेख मुजीबुर्रहमान ने किया। इनकी पार्टी 'आवामी लीग' को 1970 में विजय मिली।

⇒ लेकिन सरकार पर पश्चिमी पाकिस्तान के नेताओं का वर्चस्व था। जिससे शेख मुजीब को गिरफ्तार किया गया और याहिया खान ने जनता के आंदोलन को कुचलने की कोशिश की।

⇒ हजारों लोग पाकिस्तानी सेना के हाथो मारे गये और पूर्वी पाकिस्तान के बड़ी संख्या में लोग भारत पलायन कर गए।

⇒ भारत के सामने शरणार्थियों को संभालने की समस्या आ गई।

⇒ इसके परिणामस्वरूप 1971 में भारत-पाक युद्ध हुआ और पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया तथा एक स्वतंत्र राष्ट्र 'बांग्लादेश' का निर्माण हुआ।

⇒ 1975 में शेख मुजीब ने संसदीय प्रणाली की जगह अध्यक्षात्मक शासन लागू किया तब सेना ने उनके खिलाफ बगावत कर दी और शेख मुजीब सेना के हाथो मारे गए।

⇒ जनता के व्यापक विरोध के कारण 1990 में जनरल इरशाद को राष्ट्रपति का पद छोड़ना पड़ा।

⇒ सन् 1991 से बांग्लादेश में बहुदलीय चुनावों पर आधारित प्रतिनिधिमूलक लोकतन्त्र स्थापित है।